जालंधर, वीरवार 16 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**
इंसान की आदत है नहीं मिले तो सब्र नहीं करता
और मिल जाएं तो कद्र नहीं करता

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# केजरीवाल कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए दिल्ली में वोट मांगने जा रहे हैं, लेकिन पंजाब से तो उलट रुझान आने लगे



**जालंधर( हिमांशु ) :** जेल का जवाब वोट से के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में वॉशिंग मशीन कैंपेन शुरू किया है – और EVM की तरह AAP नेता सौरभ भारद्वाज अब डेमो दे रहे हैं कि कैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों को बीजेपी की वॉशिंग मशीन में डालकर क्लीन किया जाता है.

आम आदमी पार्टी के मंच पर एक तरफ जेल बनाकर, और दूसरी तरफ वाशिंग मशीन रख कर समझाया जाता है कि जो लोग बीजेपी में शामिल हो जाते हैं, उनके खिलाफ केस बंद कर दूसरे को जेल में डाल दिया जाता है. आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चार टीम बनाई गई है, जो 23 मई तक नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में जाकर वॉशिंग मशीन कैंपेन को आगे बढ़ाएंगी.

दिल्ली में 25 मई को वोट डाले जाएंगे, इसलिए चुनाव प्रचार दो दिन पहले ही खत्म हो जाएगा. ये भी मालूम हुआ है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भी 20 मई से दिल्ली में डेरा डालने वाले हैं – लिहाजा दिल्ली में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए कांग्रेस के बड़े नेता तीन दिन तक प्रचार करने वाले हैं.

दिल्ली में भले ही कांग्रेस नेता आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने वाले हों, लेकिन पंजाब से तो अलग ही आवाज उठने लगी है – पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो अरविंद केजरीवाल के बारे में वैसी ही बातें कर रहे हैं जैसी बीजेपी नेताओं के मुंह से सुनने को मिलती हैं.

### कांग्रेस उम्मीदवारों के सपोर्ट में अरविंद केजरीवाल का रोड शो

कन्हैया कुमार के खिलाफ केस चलाने के लिए दिल्ली सरकार की मंजूरी चाहिये थी. काफी दिनों तक दिल्ली सरकार ने फाइल को रोक रखा था, जिसे लेकर अरविंद केजरीवाल की मंशा पर सवाल उठाये जाने लगे – बहरहाल, फरवरी 2020 में कन्हैया कुमार के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से हरी झंडी दिखा दी गई.

तब से बहुत कुछ बदल चुका है. जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार अपनी पुरानी पार्टी सीपीआई को छोड़ कर कांग्रेस में पहुंच चुके हैं. कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का दिल्ली में चुनावी गठबंधन हो चुका है – और कांग्रेस ने अपने हिस्से की उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार घोषित किया है.

लिहाजा गठबंधन की शर्तों के मुताबिक, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, अब कन्हैया कुमार के लिए भी घूम घूम कर वोट मांगने लगे हैं. कन्हैया के साथ ही अरविंद केजरीवाल कांग्रेस उम्मीदवार जेपी अग्रवाल और उदित राज के समर्थन में भी वोट मांग रहे हैं.

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के मुताबिक, चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज के समर्थन में अरविंद केजरीवाल रोड शो कर रहे हैं.

मॉडल टाउन इलाके में चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जेपी अग्रवाल के सपोर्ट में रोड शो के दौरान अरविंद केजरीवाल ने इलाके के लोगों से कहा, मैं सीधे जेल से आपके बीच पहुंचा हूं... इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया और मैं आप लोगों को बहुत मिस कर रहा था.

और जैसे 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने पर अरविंद केजरीवाल ने कहा था, दिल्लीवालों आई लव यू – वैसे ही बोले, मैं आप सभी से बहुत प्यार करता हूं... मुझे ये भी पता है कि आप भी मुझ से बहुत प्यार करते हैं... मैं बहुत छोटा आदमी हूं... हमारी पार्टी भी छोटी है जिसकी दिल्ली और पंजाब में सरकार है.

और इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में नया नारा दिया है – जो करे केजरीवाल को प्यार वो करे मोदी को इनकार.

### रोड शो से पहले ही पंजाब से रुझान आने लगे

जाहिर है दिल्लीवालों के साथ साथ पंजाब के लोग भी अरविंद केजरीवाल का भाषण सुन रहे होंगे, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया तो तब देखने को मिलेगी जब वो चुनाव कैंपेन के लिए वहां जाएंगे – लोगों की राय क्या होगी ये देखना होगा, लेकिन पंजाब के कांग्रेस नेताओं की राय तो केजरीवाल के दिल्ली रोड शो से पहले ही आ चुकी है.

अरविंद केजरीवाल ने भले ही कन्हैया के खिलाफ लगे आरोपों को नजरअंदाज कर दिया हो, लेकिन पंजाब के कांग्रेस नेता आप नेता के खिलाफ लगे दिल्ली शराब घोटाले के आरोपों से वैसे ही इत्तेफाक रख रहे हैं, जैसे बीजेपी के नेता.

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी कहते हैं, शराब घोटाले में शामिल अरविंद केजरीवाल सिर्फ 15 दिन के लिए जेल से बाहर हैं... उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता... दिल्ली बहुत बड़ा शराब घोटाला हुआ है, और पंजाब में भी वैसा ही हुआ है... हम लोग जांच की मांग कर रहे हैं.

जालंधर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चन्नी कह रहे हैं कि पंजाब में अरविंद केजरीवाल का स्वागत नहीं बल्कि विरोध होना चाहिये. उपचुनाव में जालंधर सीट आम आदमी पार्टी को मिली थी, लेकिन उसके सांसद सुशील कुमार रिंकू ने बीजेपी का दामन थाम लिया. अरविंद केजरीवाल को लेकर चन्नी की भाषा और लहजा दोनों ही, बिलकुल वैसा ही है जैसा पहले दिल्ली कांग्रेस के नेताओं का रहा है. आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के विरोध में तो अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से ही इस्तीफा दे दिया था. वैसे उसके बाद वो बीजेपी में फिर से चले गये. पहली बार वो बीजेपी में ज्यादा दिन नहीं टिक पाये थे.

और ये बात सिर्फ कांग्रेस नेताओं की नहीं है, पंजाब के लोगों के मन में भी बहुत बड़ा कन्फ्यूजन होगा. आखिर कैसे कांग्रेस दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के साथ हो जाती है, और पंजाब में खिलाफ? और ये मामला केरल और पश्चिम बंगाल में लेफ्ट पार्टियों के साथ होने और न होने जैसा नहीं है – क्योंकि पंजाब और दिल्ली का मिजाज काफी करीब है.

# पंजाब में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान को यकीनी बनाने के लिए 80 प्रतिशत पुलिस बल और केंद्रीय बलों की 250 कंपनियाँ की जाएंगी तैनात




**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** सरहदी राज्य में आगामी लोक सभा मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से पूरा करने के उद्देश्य से और आम लोगों में विश्वास पैदा करने के साथ- साथ संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 80 प्रतिशत पुलिस बल तैनात किया जा रहा है और केंद्रीय बलों की कम से कम 225 और कंपनियाँ जल्दी ही राज्य में पहुँच जाएंगी।

बता दे कि राज्य में केंद्रीय बलों की 25 कंपनियाँ पहले ही तैनात की जा चुकी है। यह जानकारी आज यहाँ स्पैशल डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( स्पैशल डीजीपी) ला एंड आर्डर अर्पित शुक्ला ने दी। स्पैशल डीजीपी जो कि आज अमृतसर और जालंधर के दौरे पर थे, ने आम सांसदीय मतदान- 2024 की तैयारियाँ और इस सम्बन्धित सुरक्षा प्रबंधों का जायज़ा लेने के लिए दोनों बार्डर रेंज के आईजीपी/ डीआईजी, सीपीज़ और एसएसपीज़ के साथ रेंज स्तरीय बैठके की। च्अमृतसर की मीटिंग में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीआईजी) बार्डर रेंज राकेश कुमार कौंसिल और कमिश्नर आफ पुलिस (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर उपस्थित थे, जबकि जालंधर रेंज की बैठक में इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस (आईजीपी) एस बूपती और सीपी जालंधर स्वप्न शर्मा उपस्थित थे।राज्य में सकारात्मक माहौल बनाने की ज़रूरत पर ज़ोर देते स्पैशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने सभी पुलिस अधिकारियों को पेशेवर पुलिसिंग करने और किसी को भी राज्य की शांति और सदभावना को भंग करने की इजाज़त न देने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को राज्य में नशे और नाजायज शराब की आमद को रोकने के लिए राज्य में आने-जाने वाले वाहनों विशेषकर व्यापारिक वाहनों की चैकिंग तेज करने के आदेश दिए।


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






# राहुल गांधी के 'दो तरह के जवान' वाले बयान पर BJP पहुंची चुनाव आयोग, सख्त कार्रवाई की मांग की

**जालंधर (संदीप मान) :** लोकसभा चुनाव के चार चरण सफलतापूर्वक बीत चुके हैं। अब तीन अन्य शेष रह गए हैं। पांचवां चरण 20 मई को है। इस बीच, राजनीतिक दलों में जारी आरोप-प्रत्यारोप के दौर में सियासी पारा भी चढ़ा हुआ है।

खबर यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है।

बीजेपी ने कांग्रेस पर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन और राहुल गांधी पर भारतीय सेना का अनादर करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और अर्जुन मेघवाल, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और ओम पाठक सहित बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की।



## सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

जयशंकर ने प्रतिनिधिमंडल की चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि कुछ दिन पहले, राहुल गांधी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी ने दो तरह के सैनिक बनाए हैं। यह झूठ है, यह हमारे सशस्त्र बलों पर सीधा हमला है, वे इसे विवाद का विषय बनाना चाहते हैं। यह चुनाव का मामला नहीं है, यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। आगे मंत्री ने कहा कि सेना चीन के खिलाफ देश की सुरक्षा के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इसलिए हम इसे बहुत गंभीरता से लेते हैं और हमारा चुनाव आयोग से अनुरोध है कि इस संबंध में बहुत सख्त कार्रवाई की जाए, भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए।

क्या कहा था राहुल गांधी ने?

बीती 13 मई को रायबरेली में एक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा था कि अब पीएम मोदी ने दो तरह के जवान बना दिए हैं। एक गरीब, दलित व अल्पसंख्यकों का बेटा है और दूसरा अमीर का बेटा है।

उन्होंने गरीब के बेटों को अग्निवीर नाम दे दिया है। अब वे उससे कह रहे हैं कि अगर तुम शहीद हो जाओगे, तो तुम्हें शहीद का दर्जा नहीं मिलने वाला है। पेंशन भी नहीं मिलेगी, कैंटीन की सुविधा भी नहीं मिलेगी।

राहुल ने यह भी कहा था कि अगर आप अग्निवीर नहीं हो... अगर आप 4 में से 1 हो... तो आपको पेंशन मिलेगी, शहीद का दर्जा मिलेगा... सरकार अंतिम क्षण तक आपकी और आपके परिवार की रक्षा करेगी। हिंदुस्तान की सेना अग्निवीर के खिलाफ है। पीएम नरेंद्र मोदी और उनके कार्यालय ने देश पर अग्निवीर योजना थोपी है, क्योंकि वे चाहते हैं कि जो पैसा जवानों की पेंशन में जाता है, वो पैसा अडानी को डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से मिल जाए।

# पंजाब में प्रवेश करने वाले हर रास्ते पर कड़ी सुरक्षा, तस्करों-गैंगस्टरों पर खास नजर

**जालंधर (काजल विज) :** लोकसभा चुनाव के दौरान असामाजिक तत्व किसी प्रकार की गड़बड़ी न फैला सकें, इसके लिए पंजाब पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पंजाब में प्रवेश करने वाले हर रास्ते पर कड़ी नाकाबंदी की गई है। नशा तस्करों और गैंगस्टरों पर खास नजर रखी जा रही है। समय समय पर शहरों-गांवों में फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं।

पंजाब पुलिस और केंद्रीय हथियारबंद पुलिस बलों की टीमें राज्य के संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर बनाए हुए हैं। पंजाब में आम चुनाव के आखिरी पड़ाव में 1 जून को मतदान होगा। स्पेशल डीजीपी लॉ एंड ऑर्डर अर्पित शुक्ला के अनुसार डीजीपी गौरव यादव के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए एसपी और एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने सभी 28 पुलिस जिलों में कड़े प्रबंध किए हैं। राज्य के 200 से अधिक एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर करीब 60 स्थायी, करीब 150 अस्थायी और आधुनिक यंत्रों वाले 10 से अधिक हाईटेक नाके लगाए गए हैं। आबकारी अधिकारियों को इन




अंतरराज्यीय नाकों का हिस्सा बनने के लिए आदेश दिए गए हैं। राज्य के संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों पर दबदबा बनाने के लिए केंद्रीय हथियारबंद पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 25 से अधिक कंपनियां राज्य के संवेदनशील जिलों में तैनात की गई हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भगोड़े अपराधियों के विरुद्ध चल रही विशेष मुहिम के दौरान पंजाब पुलिस ने अब तक करीब 500 भगोड़ों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

बिना जांच प्रवेश की अनुमति नहीं

स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला के अनुसार इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी असुखद स्थिति से निपटने के लिए पुलिस मुलाजिमों को तैयार करने के साथ-साथ आम लोगों में विश्वास की भावना को बढ़ाना है। प्रदेश के सभी एसपी और एसएसपी को पहले ही राज्य में विशेष नाके लगाने और गश्त करने वाली पार्टियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में समाज विरोधी तत्वों पर नजर रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अपराधियों, नशा और गैर कानूनी शराब तस्करों के आने-जाने पर रोक लगाने के लिए सरहदी जिलों के एसएसपी को अंतरराज्यीय नाके लगा कर सरहदों को सील करने के लिए कहा गया है और किसी भी व्यक्ति को भी उनकी और उनके वाहनों की चेकिंग और जांच किए बिना राज्य में प्रवेश व बाहर न जाने देने के लिए निर्देश दिए गए हैं।









# मोदी 430 सीटें...चीन का ये सर्वे उड़ा देगा विपक्ष के होश



**जालंधर( काजल विज ) :** दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है भारत और यहां चुनाव चल रहे हैं। भारत के चुनाव पर दुनियाभर की निगाहें टिकी हैं। वहीं 2024 के चुनाव पर पड़ोसी देश चीन की भी नजर है।

दरअसल, एलएसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की दो टूक के बाद तिलमिलाए चीन पीएम मोदी को निशाने पर लिया है। ग्लोबल टाइम्स ने हमला बोलते हुए कहा कि एलएसी पर पीएम मोदी का रुख नरम है। वो एलएसी को कम महत्व दे रहे हैं और उनकी ये नरमी चुनाव को लेकर है। उनका लक्ष्य 430 सीटें जीतना हैं। चीन का सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ये आरोप लगा रहा है कि चुनाव को लेकर पीएम मोदी बॉर्डर के मुद्दों पर चुप हैं। जबकि एस जयशंकर मुखर हो रहे हैं।


### जयशंकर के किस बयान से तिलमिलाया चीन

विदेश मंत्री एस जयशंकर के किस बयान से चीन तिलमिला उठा है उसके बारे में भी आपको बता देते हैं। एस जयशंकर ने कहा कि चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की तैनाती असामान्य है और देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। अब जो बदलाव आया, वह 2020 की घटना के बाद आया है। चीनियों ने 2020 में कई समझौतों का उल्लंघन करते हुए हमारी सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और उन्होंने यह ऐसे वक्त किया जब हमारे यहां कोविड लॉकडाउन लागू था। गलवान घाटी झड़प में कुल 20 भारतीय सैन्य कर्मी शहीद हुए थे। भारत-चीन सीमा पर चार दशकों में यह सबसे भीषण झड़प थी।

जयशंकर ने कहा कि भारत ने भी (सीमा पर) सैनिकों को तैनात कर जवाब दिया और चार साल से गलवान में सैनिकों की तैनाती वाले सामान्य मोर्चों से आगे भारतीय सैनिक तैनात हैं। एलएसी पर यह बहुत ही असामान्य तैनाती है। इतना ही नहीं भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक कहा कि दोनों देशों के रिश्तों में मजबूती तभी आएगी जब बॉर्डर पर शांति होगी।

एलएसी पर हिंदुस्तान जिस तरीके से चीन को जवाब दे रहा है, ये उसके गले नहीं उतर रहा है। चीन भूल गया है कि ये नया भारत है। जो शांति का दूत तो पहले की ही भांति है। लेकिन हिमाकत का मुंहतोड़ जवाब देना पहले से भी कहीं बेहतर जानता है।

# लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे 'अर्थी बाबा' की अजब कहानी



**जालंधर( हिमांशु ) :** नामांकन करने के लिए किसी उम्मीदवार को गाड़ियों के काफिले और गाजे-बाजे के साथ जाते हुए तो आपने जरूर देखा होगा, लेकिन क्या हो अगर कोई नामांकन करने के लिए अर्थी पर सवार होकर पहुंचे. आपको ये सुनने में जरा अजीब और हैरान करने वाला जरूर लगेगा लेकिन ये सच है. ऐसा हुआ गोरखपुर में. यहां से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे राजन यादव उर्फ अर्थी बाबा मंगलवार को अर्थी पर सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपना नामांकन भी किया. खास बात ये है कि अर्थी बाबा ने अपना चुनाव कार्यालय श्मशान घाट पर ही खोला हुआ है.

NDTV ने राजन यादव उर्फ अर्थी बाबा से बुधवार को बात की. इस दौरान उन्होंने बताया कि वो चुनाव इस वजह से लड़ रहे हैं क्योंकि उनका व्यवस्था (सिस्टम) पर से विश्वास उठ चुका है. उन्होंने कहा कि देश में आज जो व्यवस्था है उसकी मौत हो चुकी है. क्योंकि जो भ्रष्ट नेता चुने जाते हैं वो सदन में पहुंचते तो हैं लेकिन कभी भी जनता के हक की आवाज नहीं उठाते. इस लिए मुद्दे भी श्मशान बन गए हैं. यही वजह है कि मैंने श्मशान घाट पर ही अपना कार्यालय भी बनाया है. मुझे किसी से कुछ नहीं चाहिए. अगरो कोई मुझे दान भी देना चाहेत तो मैं कहूंगा कि अगर दान करना है तो किसी को चिता के लिए लकड़ी दान करें, अगर दान ही करना है तो किसी जरूरतमंद को स्कूल की पढ़ाई के लिए फीस और ड्रेस दान कर दीजिए, कोई चाहें तो अस्पताल जाकर मरीजों को दवाई दान करें.

### राष्ट्रपति पद के लिए लड़ना चाहते थे चुनाव

अर्थी बाबा ने कहा कि मैं तो राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के खिलाफ बतौर प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए तैयारी की थी लेकिन उस दौरान किसी भी विधायक या सांसद मेरा प्रस्तावक बनने को तैयार नहीं हुआ. और इसी वजह से मैं चुनाव नहीं लड़ सका.

अर्थी बाबा के नाम से सुर्खियां बंटोर रहे राजन यादव ने एमबीए की डिग्री ली है. उन्होंने NDTV को बताया कि एमबीए की पढ़ाई गोरखपुर के एक कॉलेज से पूरी करने के बाद उन्हें विदेश में नौकरी करने का भी ऑफर था. लेकिन वह नहीं गए क्योंकि उनकी इच्छा थी कि वह समाज सेवा करें. समाजसेवा के भाव की वजह से ही वह अब चुनाव में उतरे हैं.

### सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी लड़ चुके हैं चुनाव

अर्थी बाबा ने बताया कि वह वर्ष 2009 में योगी आदित्यनाथ ( मौजूदा मुख्यमंत्री) के खिलाफ भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं. साथ ही उन्होंने देश के मौजूदा रक्षा मंत्री राजनाथ के खिलाफ भी 2014 में पर्चा भरा था. हालांकि, जब लखनऊ से उनका पर्चा खारिज कर दिया गया तो वह 2014 में ही बनारस से पीएम मोदी के खिलाफ भी पर्चा भरने गए. हालांकि, उन्हें वहां से भी पर्चा नहीं भरने दिया गया. अर्थी बाबा ने बताया कि 2019 में वह अखिलेश यादव के खिलाफ भी चुनाव लड़ने की कोशिश कर चुके हैं.







# ओलिंपिक चैंपियन बनने के बाद पहली बार घरेलू टूर्नामेंट में उतरे नीरज चोपड़ा, गोल्ड मेडल पर जमाया कब्जा

**जालंधर( संदीप मान ) :** नीरज चोपड़ा ने तोक्यो में 2021 में भारत के लिए ओलिंपिक गोल्ड जीता था। एथलेटिक्स में वह ओलिंपिक गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय थे। उसके बाद से नीरज जिस भी इवेंट में उतर रहे हैं, देश का परचम लहरा रहे हैं। ओलिंपिक चैंपियन बनने के बाद पहली बाद नीरज चोपड़ा पहली बार भारत में किसी इवेंट में हिस्सा लेने के लिए फील्ड पर उतरे। उन्होंने फेडरेशन कप के पुरुष जैवलिन थ्रो इवेंट में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।

### नीरज ने 82.27 मीटर का बेस्ट थ्रो किया

ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने तीन साल में पहले घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए धीमी शुरुआत की। तोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के बाद पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 26 साल के सुपरस्टार को शुरू में थोड़ी परेशानी हुई जिससे वह तीन दौर के बाद दूसरे स्थान पर चल रहे थे। चौथे दौर में उन्होंने 82.27 मीटर के प्रयास से बढ़त हासिल की और उन्होंने अंतिम दौर में भाला नहीं फेंका क्योंकि सिल्वर मेडल जीतने वाले डीपी मनु अपना अंतिम थ्रो फेंक चुके थे।

नीरज चोपड़ा ने अंतिम बार 17 मार्च 2021 में इसी टूर्नामेंट में घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो से गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक गोल्ड जीता। फिर 2022 में डायमंड लीग चैम्पियन और 2023 में विश्व चैम्पियन बने। पिछले हफ्ते दोहा डायमंड लीग में 26 साल के नीरज दूसरे स्थान पर रहे थे। वहां उनका बेस्ट थ्रो 88.36 मीटर का था।

नीरज ने साथ ही चीन में एशियाई खेलों का गोल्ड मेडल भी बरकरार रखा। चोपड़ा ने इसके अलावा डायमंड लीग के तीन चरण भी जीते और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में रजत मेडल प्राप्त किया। हालांकि वह अभी तक 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू पाये हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 89.94 मीटर का है।

# दिल्ली की तरह पंजाब में भी हुआ शराब घोटाला

## कॉन्ग्रेस के पूर्व CM ने INDI गठबंधन के साथी अरविंद केजरीवाल पर बोला हमला, कहा - उन पर विश्वास करें कैसे?



**जालंधर ( नितिका ) :** चरणजीत सिंह चन्नी ने आरोप लगाया कि पंजाब को लूटा जा रहा है, पंजाब पर 80,000 करोड़ रुपए का कर्ज लाद दिया गया है, सरकारी विमान अरविंद केजरीवाल को दे दिया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घोटालेबाज हैं।

ये हम नहीं कह रहे, या सिर्फ भाजपा का ऐसा बयान नहीं हैं। बल्कि, कॉन्ग्रेस पार्टी ऐसा कह रही है। वही कॉन्ग्रेस पार्टी, जो I.N.D.I. गठबंधन में AAP (आम आदमी पार्टी) के साथ शामिल है। लेकिन, पंजाब में दोनों अलग-अलग लड़ रहे हैं। ठीक वैसे ही, जैसे केरल में कॉन्ग्रेस और वामदल लड़ रहे, पश्चिम बंगाल और कॉन्ग्रेस और TMC लड़ रहे। अरविंद केजरीवाल हाल ही में चुनाव प्रचार खत्म होने तक जमानत पर छूटे हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा, अरविंद केजरीवाल शराब के बहुत बड़े घोटाले में नामजद हैं। मात्र 15 दिनों के लिए वो जेल से बाहर आए हैं। ऐसे व्यक्ति पर कैसे विश्वास किया जा सकता है? जैसे दिल्ली में बहुत बड़ा शराब घोटाला हुआ, वैसे ही पंजाब में भी हुआ है। पंजाब वाले मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दिल्ली में तो नई शराब नीति वापस भी ले ली गई, पंजाब में तो ऐसा नहीं हुआ। ऐसे शख्स का विरोध होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब को लूटा जा रहा है, पंजाब पर 80,000 करोड़ रुपए का कर्ज लाद दिया गया है और अरविंद केजरीवाल पंजाब के सरकारी विमान का इस्तेमाल कर रहे हैं। चरणजीत सिंह चन्नी पंजाब के जालंधर से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में तो AAP-कॉन्ग्रेस का गठबंधन है, लेकिन पंजाब में नहीं। AAP के संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार (16 मई, 2024) को लुधियाना के जोधन में अपने प्रत्याशी अशोक पराशर पप्पी के समर्थन में रोडशो करेंगे। उससे पहले दिल्ली CM का अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर और दुर्गियाना मंदिर में दर्शन करेंगे। लुधियाना से कॉन्ग्रेस के रवनीत सिंह बिट्टू सांसद हैं। अरविंद केजरीवाल के बाहर निकलने से पंजाब में कॉन्ग्रेस तनाव में आ गई है। इसका कारण ये है कि AAP ने ही राज्य की सत्ता से कॉन्ग्रेस को बेदखल कर जीत दर्ज की और भगवंत मान मुख्यमंत्री बने। दिल्ली के शराब घोटाले में पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी जेल में हैं। वहीं राज्यसभा सांसद संजय सिंह जमानत पर बाहर निकले हैं।

हाल ही में चरणजीत सिंह चन्नी ने जम्मू कश्मीर के पुँछ में भारतीय वायुसेना के जवानों पर हुए हमले को 'भाजपा का चुनावी स्टंट' बताया था। उन्होंने कहा था कि ये स्टंटबाजी हो रही है, हमले नहीं हो रहे। चन्नी ने पुलवामा में 40 CRPF जवानों के बलिदान पर विवादित बयान देते हुए कहा था कि पिछली बार भी चुनाव आया तो ऐसे स्टंट खेले गए और बीजेपी को जिताने का काम किया गया। उन्होंने कहा था कि पहले से तैयारी करके हमले करवाए जाते हैं, यह भाजपा को जिताने का स्टंट होता है और इसमें कोई सच्चाई नहीं होती।

## एक तरफ केजरीवाल से प्रचार करवा रही कांग्रेस, अब चरणजीत चन्नी बोले, 'स्वागत नहीं विरोध होना चाहिए'

**जालंधर( जसवीर ) :** दिल्ली शराब घोटाले मामले में अंतरिम बेल पर चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जोरदार तरीके से प्रचार कर रहे हैं.

वो बीजेपी सरकार पर जमकर बरस रहे हैं. उनके जेल से बाहर आते ही इंडिया गठबंधन में एक अलग तरह की फुर्ती देखने को मिल रही है. उनके प्रचार प्रसार से कांग्रेस को जबर फायदा होने वाला है. गुरुवार को केजरीवाल पंजाब पहुंचेंगे. वह चुनावी रैली और रोड शो करेंगे. इसे लेकर जालंधर से कांग्रेस प्रत्याशी और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने केजरीवाल पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि पंजाब में केजरीवाल का स्वागत नहीं विरोध होना चाहिए. केजरीवाल गुरुवार को पंजाब में रोड शो करने वाले हैं. इस सवाल पर कांग्रेस नेता चरणजीत चन्नी ने कहा कि दिल्ली में बड़ा शराब घोटाला हुआ. ठीक वैसा ही घोटाला पंजाब में भी हुआ है.

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में दिल्ली की तरह हुए शराब घोटाले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. हम चाहते हैं इसकी जांच हो उचित कार्रवाई की जाए. दिल्ली वालों ने नई शराब नीति वापस भी ले ली थी. लेकिन पंजाब वालों ने शराब नीति वापस भी नहीं ली.

### इनका स्वागत नहीं विरोध करना चाहिए

केजरीवाल पर हमला करते हुए चरणजीत ने कहा कि केजरीवाल 15 दिनों के लिए बाहर आए हैं. उन पर विश्वास नहीं किया जा सकता है. आम आदमी पार्टी पंजाब को लूट रही है. ये 80 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेकर पार्टी चला रहे हैं. इनका पंजाब में स्वागत नहीं विरोध करना चाहिए.

### पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है 'आप'

जेल से बाहर आने के बाद आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल गुरुवार को अमृतसर में चुनावी कैंपेन करेंगे. वह शाम 6 बजे रोड शो करेंगे. केजरीवाल के साथ चुनावी कैंपेन में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहेंगे. आम आदमी पार्टी पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है.

## पंजाब में नामांकन-पत्रों की पड़ताल के बाद 355 नामांकन सही पाये गये

**जालंधर ( संदीप मान ) :** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया है कि लोक सभा मतदान-2024 के लिए नामांकन-पत्रों की पड़ताल के बाद 355 उम्मीदवारों के नामांकन-पत्र सही पाये गए हैं। ज़िक्रयोग्य है कि 13 लोक सभा सीटों के लिए 7 मई से 14 मई तक राज्य में कुल 466 उम्मीदवारों ने 598 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे।

इस सम्बन्ध में और जानकारी देते हुये सिबिन सी ने बताया कि गुरदासपुर से 40 उम्मीदवारों ने 60 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 29 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।

- अमृतसर से 43 उम्मीदवारों ने 53 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 33 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- खडूर साहिब से 35 उम्मीदवारों ने 43 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 30 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- जालंधर से 27 उम्मीदवारों ने 35 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 20 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- होशियारपुर से 23 उम्मीदवारों ने 27 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 19 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- आनन्दपुर साहिब से 41 उम्मीदवारों ने 56 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 29 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- लुधियाना से 57 उम्मीदवारों ने 70 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 44 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- फतेहगढ़ साहिब से 23 उम्मीदवारों ने 33 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 15 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- फरीदकोट से 34 उम्मीदवारों ने 41 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 30 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- फ़िरोज़पुर से 41 उम्मीदवारों ने 48 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 33 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- बठिंडा से 30 उम्मीदवारों ने 40 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 20 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- संगरूर से 38 उम्मीदवारों ने 43 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 26 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- पटियाला से 34 उम्मीदवारों ने 49 नामांकन-पत्र दाख़िल किये थे, जिनमें से 27 उम्मीदवारों के पत्र मंज़ूर किये गए हैं।
- सिबिन सी ने बताया कि 17 मई तक नामांकन-पत्र वापिस लिए जा सकेंगे और उसके बाद स्थिति स्पष्ट हो जायेगी कि 13 लोक सभा सीटों के लिए कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।



## हार्दिक पांड्या को टी20 वर्ल्ड कप टीम में नहीं लेना चाहते थे रोहित और अगरकर, सामने आई चौंकाने वाली खबर



**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** हार्दिक पांड्या को जब आईपीएल 2024 से पूर्व मुंबई इंडियंस की कप्तानी सौंपी गई, तब काफी MI फैंस निराश थे. यह निराशा तब और भी ज्यादा बढ़ गई जब मुंबई प्लेऑफ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी.

हार्दिक का ना केवल कप्तान बल्कि व्यक्तिगत प्रदर्शन भी IPL 2024 में बहुत बेकार रहा है. इस कारण जब उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2024 के भारतीय स्क्वाड में जगह मिली तो लोगों ने गुस्सा निकालना शुरू कर दिया था. खराब फॉर्म के बावजूद उन्हें वर्ल्ड कप टीम का उपकप्तान बनाने का फैसला भी लोगों की समझ से परे है. मगर अब दैनिक जागरण के हवाले से रिपोर्ट सामने आई है कि कई लोग हार्दिक के सेलेक्शन के पक्ष में नहीं थे.

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर समेत चयन समिति के कई लोग हार्दिक पांड्या का सेलेक्शन नहीं चाहते थे. बता दें कि IPL 2024 में हार्दिक ने 13 मैचों में केवल 18.2 के औसत से 200 रन बनाए हैं. उन्होंने गेंदबाजी में 11 विकेट जरूर लिए हैं, लेकिन इकॉनमी रेट आसमान को छू रहा है. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ल्ड कप टीम में हार्दिक का चयन दबाव में किया गया है. कुछ दिन पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा और अजीत अगरकर ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए थे. इस कॉन्फ्रेंस में हार्दिक पांड्या के चयन पर सवाल का जवाब देते हुए अगरकर ने कहा था कि अभी टीम में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है जो हार्दिक की जगह ले सके. यह बयान स्पष्ट कर रहा था कि रिप्लेसमेंट के विकल्प ना होने के कारण ही हार्दिक की वर्ल्ड कप टीम में एंट्री हुई है.

**हार्दिक और रोहित की अनबन :** आईपीएल 2024 में कई बार ऐसे वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिनसे मालूम पड़ता है कि रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या के बीच जरूर कोई अनबन है. हाल ही में MI vs KKR मैच के दौरान भी मुंबई के खिलाड़ी 2 गुटों में बंटे हुए दिखाई दिए थे. बता दें कि रिपोर्ट अनुसार BCCI के कुछ उच्च अधिकारी हार्दिक को भारतीय टीम के अगले कप्तान के रूप में देख रहे हैं, इसलिए ऊपर से दबाव के कारण रोहित शर्मा और अजीत अगरकर को हार्दिक के सेलेक्शन के लिए हामी भरनी पड़ी. एक बड़ा खुलासा यह भी हुआ है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद रोहित टी20 फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले सकते हैं.

**भारत का टी20 वर्ल्ड कप स्क्वाड :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज रिजर्व प्लेयर्स - शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



# कांग्रेस के 'पायलट' उड़ाएंगे आप का चुनावी प्लेन, 48 घंटे के लिए डील फाइनल

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** सचिन पायलट नेता भले कांग्रेस के हों, लेकिन उनकी लोकप्रियता आम आदमी पार्टी (आप) में भी खूब है। आलम यह है कि कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारकों की सूची में से आप को महज यही एक नाम अपने चुनाव प्रचार को रफ्तार देने के लिए भाया है।

ऐसे में अगर कांग्रेस के पायलट अगले सप्ताह आप का चुनावी प्लेन उड़ाते नजर आएं तो हैरानी नहीं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने जब सीएम अरविंद केजरीवाल से अपने प्रत्याशियों के लिए रोड शो करने का आग्रह किया तो %आप% ने भी अपने उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार करने को कांग्रेस से पायलट की मांग कर डाली।

आप ने पायलट की मांग दो दिनों के लिए की है। इन दो दिनों के दौरान पार्टी अपने चारों उम्मीदवारों के लिए रोड शो या कोई गतिविधि प्लान करेगी।



## कांग्रेस ने आप का आग्रह किया स्वीकार

कांग्रेस ने आप का आग्रह स्वीकार कर लिया है। अब केवल पायलट से बात करके उनके पास उपलब्ध समय और तारीखों को चेक करना है। उसी के अनुरूप आप के चुनाव प्रचार का शेड्यूल फाइनल किया जाना है। मालूम हो कि दिल्ली में पहली बार आप और कांग्रेस लोक सभा चुनाव गठबंधन में लड़ रहे हैं। उत्तर पूर्वी, उत्तर पश्चिमी और चांदनी चौक सीट पर कांग्रेस लड़ रही है जबकि पूर्वी, दक्षिणी, नई व पश्चिमी दिल्ली सीट पर आप लड़ रही है।

### राहुल गांधी की पहली जनसभा शनिवार को

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार से दिल्ली में चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। वह एक ही दिन में दो अलग अलग जगह जनसभा कर सकते हैं। इनमें से एक जनसभा चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अशोक विहार रामलीला मैदान में तय हो गई है जबकि दूसरी के लिए बातचीत चल रही है। इसके बाद अगले सप्ताह इनके साथ- साथ प्रियंका वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे की भी रैली-जनसभा की जाएंगी।

आप ने अपने चुनाव प्रचार के लिए हमसे सचिन पायलट की मांग की है। जल्द ही इसे पूरा किया जाएगा। राहुल गांधी की दो रैली-जनसभा इसी सप्ताह होने की संभावना है। प्रियंका वाड्रा व मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यक्रम अगले सप्ताह रखे जाएंगे।

दरअसल, 20 मई को पांचवें चरण के मतदान को देखते हुए फिलहाल सभी थोड़ा व्यस्त चल रहे हैं। अगले सप्ताह ही गठबंधन के घटक दलों की एक साझा रैली-जनसभा भी रखे जाने का विचार है।

# उधर कमाने पंजाब गया पति, इधर फाइनेंसकर्मी के साथ आपत्तिजनक हालत में मिली पत्नी, जब गांव वालों ने पकड़ा तो...

**जालंधर ( संदीप मान ) :** पति के पंजाब कमाने जाने के बाद तीन बच्चों की मां को समूह लोन के लेन- देन के दौरान एक फाइसेंस बैंक के कर्मी से प्यार हो गया। गांववालों ने बीती रात दोनों को आपत्तिजनक हालत में महिला के घर में पकड़ लिया।



दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ने के बाद गांववालों ने युवक को रस्सी से बांधकर बंदी बना लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक जमकर धुनाई भी की।

ग्रामीणों ने बताया कि फाइनेंस कर्मी मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज के एक गांव का रहने वाला है। वह मंगलवार की शाम में महिला के घर पहुंचा। रात में दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे। महिला के पड़ोसियों और अन्य ने दोनों को पकड़ लिया और जमकर धुनाई की।

### ग्रामीणों ने क्या कहा?

ग्रामीणों का कहना है कि महिला की इस करतूत से गांव का माहौल खराब हो रहा है। हालांकि बाद में स्थानीय प्रबुद्ध ग्रामीणों ने मामले को रफादफा करने की पहल की। चूंकि, मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद गांव की बदनामी होगी।

### बंधक बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

मामले में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि घटना की सूचना मिली है, लेकिन इस मामले में थाने पर किसी प्रकार का आवेदन नहीं आया है। हालांकि महिला और फाइनेंस कर्मी के बंधक बनाए जाने से संबंधित तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। उधर, मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाकर दोनों को मुक्त कर दिया गया है।

# करना था एक कत्ल, मगर खत्म कर दिया पूरा परिवार... दिल दहला देगा सीतापुर कांड का ये खौफनाक सच

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** उसे सिर्फ एक कत्ल करना था. लेकिन कत्ल करते वक्त उसे मां ने देख लिया. अब उसे दो कत्ल करने पड़े. दो कत्ल करने के बाद कातिल ने सोचा कि जब दो लोगों को मार दिया है, तो बाकी को भी खत्म कर दिया जाए. और इसी के बाद उस कातिल ने एक एक करके उस घर के कुल 6 लोगों को बेरहमी के साथ मार डाला.

और इसी कत्ल-ए-आम के दौरान उसने एक गोली ऐसी चलाई, जो दो लोगों को लगी. और इसी एक गोली ने आखिरकार पुलिस को कातिल तक पहुंचा दिया. आइए जानते हैं, सीतापुर के सामूहिक हत्याकांड का खौफनाक सच.




### कयामत की रात

उत्तर प्रदेश के सीतापुर का एक छोटा सा गांव है पाल्हापुर. जहां 11 और 12 मई की दरम्यानी रात एक घर में मौत का नंगा नाच हुआ. और उस घर में रहने वाले एक ही परिवार के छह-छह लोगों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया. मरने वालों में घर का मुखिया और उसकी पत्नी, मां और उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे शामिल हैं.

### एक के बाद एक कत्ल

पुलिस की छानबीन में पता चला है कि कातिल पहले सिर्फ एक कत्ल करना चाहता था. लेकिन एक कत्ल करने के दौरान घर में सो रहे दूसरे शख्स की नींद खुल गई, तो उसे दूसरे को भी मारना पड़ा. लेकिन जब उसने एक-एक कर दो कत्ल कर डाले, तो उसने सोचा कि तीसरे को भी क्यों छोड़ा जाए? इसके बाद उसने तीसरे को भी गोली मार दी. तीसरा कत्ल करने के साथ ही घर में सो रही 12 साल की एक छोटी सी बच्ची जाग गई. उसने अपनी आंखों से अपनी मां, दादी और पापा को मरते हुए देखा. उसने कातिल का चेहरा भी पहचान लिया था. फिर क्या था? उसने सबूत मिटाने के लिए इस बच्ची पर भी गोली चला दी. उसकी भी जान ले ली.

### बच्चों को भी नहीं छोड़ा

इसके बाद कातिल ने सोचा अब जब एक बच्ची को मार ही दिया है, तो फिर बाकी बचे दोनों बच्चों को क्यों छोड़ा जाए? फिर उसने बाकी के दो बच्चों के सिर पर भी हथौड़े से वार करना शुरू कर दिया और आखिर में एक-एक कर तीनों बच्चों को ऊपर ले जाकर छत से नीचे फेंक दिया. यूपी के सीतापुर से 10 और 11 मई की रात को एक ही परिवार में हुए छह-छह कत्ल की कुछ ऐसी ही सिहरन पैदा करने वाली कहानी सामने आई है. लेकिन इसी के साथ इस कत्ल के खुलासे से जुड़े एक ऐसे अजीबोगरीब इत्तेफाक का पता चला है, जिस पर यकीन करना किसी के लिए भी मुश्किल हो सकता है.

### एक गोली और दो शिकार

क्या आप यकीन करेंगे कि इस कत्ल का खुलासा एक ऐसी गोली से हुआ, जिसे कातिल ने चलाया तो किसी और पर था, लेकिन वो गोली अपने टारगेट को हिट करने के बाद दूसरे शख्स के शरीर में जा घुसी. इसी गोली ने छह कत्ल के इस पूरे मामले का खुलासा कर दिया. इस तरह कत्ल का खुलासा एक ऐसी गोली के चलते हुए, जो चलाई किसी पर गई थी, लेकिन मिली किसी और के शरीर में.

### पहले पुलिस ने बताई थी ये कहानी

सीतापुर के गांव पाल्हापुर में हुए इस वारदात को पहले मास मर्डर कम सुसाइड यानी सामूहिक हत्या के बाद खुदकुशी बताया गया था.

घर में जिंदा बचे परिवार के इकलौते सदस्य यानी भाई अजीत सिंह ने अपने भाई अनुराग सिंह पर अपने बीवी-बच्चों और मां की हत्या करने के बाद खुद को भी गोली मार लेने का इल्जाम लगाया था, जिस पर पुलिस जांच कर रही थी.

### पोस्टमार्मट रिपोर्ट ने खोला राज

इस वारदात में मारे गए अनुराग सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, तो पता चला कि उसके सिर में एक नहीं बल्कि दो गोलियां लगी हैं. जिस अनुराग पर अपने घरवालों की हत्या करने के बाद खुदकुशी करने का इल्जाम लगा था, वो तो खुद ही किसी कातिल का शिकार बना था. क्योंकि सिर में दो गोली लगने का मतलब खुदकुशी करना हो नहीं सकता. कोई भी इंसान एक-एक कर अपने सिर पर दो गोली नहीं मार सकता. लेकिन अब सवाल उठता है कि यदि घर में घुसकर छह लोगों की हत्या करने वाला अनुराग की मौत को सुसाइड ही दिखाना चाहता था, तो फिर उसने उसके सिर में दो गोली क्यों मारी?

### अनुराग का भाई निकला कातिल

इसका जवाब ये है कि कातिल ने गोली तो एक ही मारी थी, लेकिन दूसरी गोली गलती से लग गई. उसको इसका पता भी नहीं चला. इसी गलती से लगी गोली ने कत्ल का राज फाश कर दिया. पुलिस ने कत्ल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

ये कोई और नहीं बल्कि अनुराग का भाई अजीत है, जो वारदात के वक्त घर ही मौजूद था. पुलिस की मानें तो अजीत अपने पूरे परिवार की हत्या करने के बाद इसे अपने भाई की करतूत दिखाना चाहता था, इसलिए, उसने उसके सिर में सिर्फ एक ही गोली मारी थी, लेकिन तकदीर का खेल देखिए कि उसने गोली किसी और को मारी, लेकिन कहीं और लग गई.




# स्वाति मालीवाल पर क्यों चुप्पी, AAP नेता ने ही उठा दिया बड़ा सवाल; बागी तेवर

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** स्वाति मालीवाल के साथ अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बदसलूकी को लेकर जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आक्रामक है तो अब कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेता भी आवाज उठाने लगे हैं। खुद आम आदमी पार्टी के एक नेता ने चुप्पी साधने वाले बड़े नेताओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

लक्ष्मीनगर से 'आप' के पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने पार्टी के 'क्रांतिकारी' नेताओं की चुप्पी पर हैरानी जाहिर की है। लक्ष्मीनगर से विधायक रह चुके नितिन त्यागी ने कहा, 'परसो स्वाति मालीवाल जी का केस सबके सामने आया। कल शाम को जाकर पार्टी ने भी माना कि उनके साथ अभद्रता हुई। डेढ़ दिन लग गया पार्टी को यह मानने में या मामले को सलटाने में। आश्चर्यजनक यह था कि हमारी पार्टी के इतने क्रांतिकारी साथी कुछ नहीं बोले। हमारी इतनी बड़ी महिला विंग जो स्वाति मालीवाल को आदर्श मानती है, एक का भी बयान नहीं आया। आज पद, टिकट के लालच ने हम लोगों को कैसा बना दिया है एक बार खुद



सोचिए। यदि स्वाति जैसी महिला के साथ हम खड़ा नहीं हो सकते तो हम किसी के साथ खड़े नहीं हो सकते हैं। मैं स्वाति जी के साथ हूं। स्वाति जी के साथ मिलकर आवाज उठाने को तैयार हूं। आप सब भी एक संदेश तो डालिए।'

## बागी तेवर दिखा रहे त्यागी

स्वाति मालीवाल के लिए आवाज उठाने वाले नितिन त्यागी पिछले 4-5 दिनों से बागी तेवर दिखा रहे हैं। इससे पहले 10 मई को एक वीडियो जारी करके उन्होंने पार्टी की उस स्कीम की वजह से प्रचार बंद कर दिया, जिसमें महिलाओं को 1000 रुपए महीना देने का वादा किया गया है। त्यागी ने एक वीडियो जारी करके कहा कि पार्टी अभी से स्कीम का फॉर्म भरवा रही है, जबकि इसे अभी मंजूरी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि कल को लोग कार्यकर्ताओं से सवाल करेंगे तब झूठ कहना पड़ेगा कि एलजी मंजूरी नहीं दे रहे हैं। माना जा रहा है कि त्यागी को बागी तेवरों की वजह से कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## कांग्रेस ने कहा- मालीवाल को करानी चाहिए FIR

भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी मालीवाल मामले की जांच की मांग उठा दी है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने बुधवार को एक वीडियो जारी करके कहा कि स्वाति मालीवाल को सामने आकर एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए, कानूनी सहारा लेना चाहिए। दिल्ली पुलिस को संज्ञान लेना चाहिए।

थाने में आने के बावजूद एफआईआर नहीं कराने के पीछे कोई दबाव या डर तो नहीं है। अगर एक राज्यसभा सांसद महिला के साथ ऐसा हो सकता है तो शोषित, पीड़ित आम महिला को क्या संदेश जाएगा।

# दो पाकिस्तानियों ने लांघी अपनी 'सीमा', हथियार तनने के बाद हुआ चौंकाने वाला खुलासा

## अब BSF ने उठाया यह बड़ा कदम

**जालंधर (हिमांशु) :** पंजाब के गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आने वाले घनियाका बेट गांव से सटी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवान अपनी पैनी निगाह बनाए हुए थे. 14 मई की सुबह करीब 10 बजे बीएसएफ के सतर्क जवानों को दो संदिग्ध शख्स पाकिस्तान की तरफ से आते हुए नजर आए. दोनों संदिग्ध शख्स इंटरनेशनल बॉर्डर को पार कर भारतीय सीमा में आने वाली बॉर्डर फेंसिंग की तरफ बढ़ रहे थे. बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बॉर्डर फेंसिंग के बेहद करीब आने पर बीएसएफ के जवानों की बंदूखें तन गईं और फिर दोनों संदिग्ध युवकों को चैंलेंज किया गया. बिना समय गंवाए



बीएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और दोनों संदिग्ध युवकों को अपनी हिरासत में ले लिया. पूछताछ में पता चला कि हिरासत में लिए गए दोनों शख्स मूल रूप से पाकिस्तान के नागरिक है. साथ ही, तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है.

## क्या थे भारतीय सीमा में दाखिल होने का इरादा

बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को सुबह करीब 10 बजकर 10 मिनट पर हिरासत में लिया गया था. पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि उन्हें इंटरनेशनल बॉर्डर के एलाइनमेंट के बारे में नहीं पता था. जिसके चलते, दोनों गलती से पाकिस्तान की सीमा पार कर भारतीय सीमा में प्रवेश कर गए हैं. पूछताछ के दौरान, बीएसएफ को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, जिसके बाद इनके बाबत पाकिस्तान रेंजर्स को सूचना दे दी गई.

## बीएसएफ ने पाक रेंजर्स को कैसे दिखाया आइना

पूछताछ पूरी होने के बाद बीएसएफ ने इन दोनों पाकिस्तानी नागरिकों के बाबत पाकिस्तान रेंजर्स के अधिकारियों को सूचना दी. फ्लैग मीटिंग के दौरान, इंटरनेशनल बॉर्डर की चौकसी को लेकर बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर्स को न केवल आइना दिखाया, बल्कि बिना रोक-टोक इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाकिस्तानी नागरिकों की आवाजाही को लेकर नाराजगी जाहिए की. हालांकि इसी बीच, बीएसएफ ने मानवता के तहत दोनों नागरिकों को पाक रेंजर्स को सौंपने का फैसला ले लिया.

## बीएसएफ ने पाक को पढ़ाया मानवता का पाठ

बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, फैसले के तहत 14 मई 2024 की शाम लगभग 05-29 बजे दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को मानवीय आधार और सद्भावना के तहत पाकिस्तान रेंजर्स को सौंप दिया गया. बीएसएफ के इस कदम पर दोनों पाकिस्तानी नागरिकों ने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के प्रति आधार व्यक्ति किया है. बीएसएफ के अनुसार, वह सीमा की चौकसी के साथ मानवीय मूल्यों और सद्भावना के प्रति भी बेहद संवेदशनशील है.







